अवधि : 30 मिनट

## उत्तर मध्यकालीन काव्य - II

अंक :

(सम्पूर्ण पाठ्यक्रम से)

1. रीतिकाव्य को 'गुण्डेपन और शोहदेपन की हरकत' किसने कहा?
a) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल  b) मार्कण्डेय वाजपेयी
c) डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी  d) डॉ. रामविलास शर्मा

2. रीतिकालीन कवियों पर भाषा में मिश्रण करने एवं व्याकरण के नियमों की अवहेलना करने का आरोप किस आलोचक ने लगाया है?
a) आचार्य रामचंद्र शुक्ल  b) डॉ. रामकुमार वर्मा
c) डॉ. रामविलास शर्मा  d) प्रो. राजनाथ शर्मा

3. रीतिकाल की सर्वाधिक व्यापक प्रवृत्ति है -
a) आश्रयदाताओं की अतिशय प्रशंसा
b) नायिका भेद और श्रृंगार रस विवेचन
c) राधा - कृष्ण के स्मरण के बहाने अपनी प्रेम- पीड़ा की अभिव्यक्ति
d) अलंकार ग्रंथों की रचना

4. अलंकार विवेचन में भूषण ने किसे आदर्श माना है?
a) मतिराम के ललित ललाम को  b) केशवदास की कविप्रिया को
c) देव के भवानी विलास को  d) चिंतामणि के रसविलास को

5. पद्माकर ने किसके अनुरोध पर हितोपदेश का अनुवाद किया था?
a) सरदार अर्जुनजी  b) प्रतापसिंह  c) राजा जयलाल  d) भाव सिंह

पद्माकर का अलंकार ग्रंथ है -
a) [illegible] पचासा  b) पद्माभरण  c) जगद्विनोद  d) राम रसायन

REDMI NOTE 8
AI QUAD CAMERA

7. पद्माकर की वह रचना जो दोहा - चौपाई छन्द में है -
a) प्रबोध पचासा b) जगद्विनोद c) राम रसायन d) पद्माभरण
8. पदमाकर का वीर रस प्रधान ग्रंथ है -
a) प्रबोध पचासा b) जगद्विनोद c) पद्माभरण
d) हिम्मत बहादुर विरुदावली
9. निम्नलिखित रचनाओं में से सतसई परम्परा की सबसे पहली रचना कौन- सी है ?
a) गाथा सप्तशती b) आर्या सप्तशती c) वीर सतसई
d) बिहारी सतसई
10. रीतिकालीन काव्य की सर्वप्रमुख भाषा है -
a) राजस्थानी b) बुंदेली c) अवधी d) ब्रज
11. मतिराम की भाषा है -
a) बोलचाल की ब्रजभाषा b) साहित्यिक ब्रजभाषा
c) साहित्यिक अवधी d) साहित्यिक राजस्थानी
12. रीतिबद्ध कवियों से घनानंद का प्रेम इसलिए भिन्न है, क्योंकि -
a) वह अत्याधिक मांसल है b) वह अलौकिक एवं आध्यात्मिक है
c) वह सुजान से प्रेरित है d) वह स्वानुभूत और रीतिमुक्त है
13. 'रस का साक्षात् अवतार' किसे कहा गया है ?
a) बोधा b) आलम c) घनानंद d) रसनिधि
14. रीतिमुक्त कवियों के सम्बन्ध में कौन- सा कथन असत्य है ?

a) ये कवि प्रेम की पीर के गहरे अनुभवी थे।
b) इनका प्रेम एकपक्षीय था।
c) इनकी प्रेमिकाएं ही इनके काव्य की मूल प्रेरक शक्ति रहे।
d) इनका प्रेम उभयपक्षीय था।

15. घनानंद की रचनाओं का संकलन भारतेन्दु जी ने किस ग्रंथ में प्रकाशित कराया था?
a) सुन्दरी तिलक b) बादशाह दर्पण c) भारत दुर्दशा d) अंधेर नगरी

16. घनानंद के काव्य की प्रेरक शक्ति थी -
a) सुबहान b) सुजान c) दरबारी संस्कृति d) नादिरशाही आक्रमण

17. घनानंद - काव्य का सर्वप्रथम संकलन किसने किया?
a) ब्रजनाथ b) वियोगी हरि c) जगन्नाथ दास रत्नाकर
d) हरिऔध

18. घनानंद की सम्पूर्ण रचनाओं का वैज्ञानिक रीति से सम्पादन किसने किया है?
a) भारतेन्दु हरिश्चंद्र b) जगन्नाथ दास रत्नाकर
c) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र d) बाबू गुलाबराय

19. घनानंद की किस कृति में पंजाबी और उर्दू शब्दों की भरमार है?
a) सुजान सागर b) इश्कलता c) पदावली d) सरस वसंत

20. घनानंद की वह कृति जिसमें कृष्ण के नाम पत्र लिखकर ब्रजवासियों की ओर से अनेक उलाहने दिए गए हैं -
a) कृष्ण कौमुदी b) इश्कलता c) सरस वसंत d) प्रेम - पत्रिका

— o —